**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**0000**

**15.01.2026/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/**

**पूनम भारद्वाज/संजय/9:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रमंडल अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें. सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ।
  - मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दिल्ली में करेंगे केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात, प्रदेश हित की करेंगे पैरवी।
  - चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत प्रदेश पुलिस ने कल प्रदेश भर में चलाया जांच अभियान, 4 सौ 33 कोरियर सेवा प्रदाताओं की जांच की।
  - अधिकारियों को लेकर दिए गए बयान पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह बोले मैं अधिकारियों का करता हूं मान–सम्मान।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रमंडल अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें. सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। 42 राष्ट्रमंडल देशों के 61 अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके साथ ही चार अर्ध–स्वायत्त संसद भी सम्मेलन में शामिल रहेंगे। सम्मेलन में समकालीन संसदीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर गहन चर्चा होगी, जिसमें मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं को बनाए रखने में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका भी शामिल है। अन्य विषयों में संसदीय कामकाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, सांसदों पर सोशल मीडिया का प्रभाव, संसद की सार्वजनिक समझ को बढ़ाने के लिए अभिनव रणनीतियाँ और मतदान से परे नागरिक भागीदारी जैसे विषय भी शामिल होंगे।

आकाशवाणी

**15.01.2026/9:20बजे/रितेश/पूनम/संजय**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आज दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य मंत्रियों से मिलने का कार्यक्रम है। साथ ही मुख्यमंत्री की नीति आयोग के साथ भी बैठक संभव है। मुख्यमंत्री केंद्र के समक्ष प्रदेश हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुददों को रखेंगे और केंद्र से हिमाचल के लिए उदार वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने की मांग करेंगे।

**अफसरशाही**

अधिकारियों को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की सोशल मीडिया टिप्पणी पर प्रदेश की अफसरशाही में नाराजगी देखने को मिल रही है। आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की एसोसिएशनों ने इस बयान को आपत्तिजनक बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। आईएएस अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात कर औपचारिक रूप से आपत्ति जताई है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की टिप्पणियां न तो प्रदेश हित में हैं और न ही प्रशासनिक सेवाओं के हित में।

**अधिक बयोरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता योगराज शर्मा**

इस पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने भी अपनी प्रतिक्रया दी है। उन्होंने कहा कि वह अधिकारियों का मान सम्मान करतें है–

**चिट्टा–मुक्त हिमाचल**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू द्वारा शुरू किए गए राज्यव्यापी एंटी–चिट्टा जन आंदोलन के तहत प्रदेश पुलिस ने कल प्रदेश भर में एक विशेष और सुनियोजित जांच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उददेश्य कूरियर सेवाओं के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना था। इसके तहत राज्यभर में कूरियर कंपनियों के वेयरहाउस और गोदामों की गहन जांच और ऑडिट किया गया। इस राज्य स्तरीय विशेष अभियान के दौरान कुल 433 कूरियर सेवा प्रदाताओं की जांच की गई। जांच के दौरान पार्सल बुकिंग, भंडारण, परिवहन और अंतिम डिलीवरी तक पूरी कार्य प्रणाली को बारीकी से जांचा गया। माना जा रहा है कि यह विशेष जांच अभियान कूरियर माध्यम से होने वाली नशा तस्करी को रोकने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है, जिससे राज्य में कानून–व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी।

प्रेनो

**प्रतिनियुक्ति**

वर्ष 2008 बैच के आईएएस अधिकारी कदम संदीप वसंत केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली गए हैं। केंद्र सरकार की तरफ से उन्हें संयुक्त सचिव व मिशन हैड नैशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन के पद पर तैनाती दी गई है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता की तरफ से उन्हें पद से भारमुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कदम संदीप वसंत सचिव तकनीकी शिक्षा के अलावा मंडलायुक्त शिमला का अतिरिक्त कार्यभार था।

डेस्क

**ईको टूरिज्म**

जिला मुख्यालय धर्मशाला में शहीद स्मारक के साथ वन विभाग द्वारा निर्मित पार्क को ईको टूरिज्म सोसायटी के तहत लाया जाएगा। जिसके चलते पार्क में प्रवेश के लिए शुल्क तय किया जाएगा। शुल्क से एकत्रित होने वाली राशि को पार्क की देखरेख में खर्च किया जाएगा। आने वाले समय में इस पार्क में आगुंतकों के लिए पेयजल सहित शौचालय सुविधा उपलब्ध करवाने की भी योजना है। पार्क की देखरेख व मरम्मत के लिए वन विभाग जहां बजट का प्रावधान करने के साथ जिला प्रशासन, नगर निगम और स्मार्ट सिटी की ओर से पार्क के विकास के लिए आने वाले सुझावों पर भी अमल करने की बात कह रहा है।

**मशरूम**

वर्तमान में पढ़े–लिखे युवा नौकरियां करने की बजाय स्वरोजगार की ओर आकर्षित हो रहे हैं और इसमें उनकी मददगार सिद्ध हो रही हैं विभिन्न सरकारी योजनाए। ऐसा ही एक उदाहरण हमीरपुर के निकटवर्ती गांव भारीं एक युवती भावना राणा ने पेश किया है। भावना ने मशरूम सब्सिडी योजना से 30 प्रतिशत सब्सिडी और विभागीय अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने ही घर में 200 बैग मशरूम के साथ खेती आरंभ की। फूड टैक्नोलोजी में डिग्रीधारक भावना अब मशरूम सीजन में रोजाना 800 से हजार पैकेट बाजार में बेच रही है साथ ही इन्होंने 12 लोगों को भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया है।

**अधिक बयोरे के साथ हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता**

वहीं भावना ने बताया कि अब वह अपने पूरे प्लांट में अलग–अलग लॉट्स में मशरूम उगा रही हैं, ताकि मार्केट में सप्लाई का सर्कल रेगुलर चलता रहे।

**<u>अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........</u>**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **मंत्रियों के बाद अब सलाहकारों को भी नई गाड़ियों का तोहफा।**

**हिमाचल दस्तक** ने **स्टेट न्यूटरीशन पॉलिसी बनाएगी प्रदेश सरकार** शीर्षक से लिखा है **स्वास्थ्य सुरक्षा की समीक्षा बैठक में डाटाबेस तैयार करने को कहा। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं पौष्टिक आहार पर पॉलिसी बनाएगी हिमाचल सरकार।**

**दैनिक भास्कर, पंजाब केसरी और दैनिक जागरण** ने खबर को लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है **चिटटे को लेकर जिन लोगों के खिलाफ होगी एफ आई आर वे नहीं लड़ सकेंगे पंचायत चुनाव।**

**हिमाचल में बुक स्कैनिंग के नाम पर बड़ा फर्जीबाड़ा दिव्य हिमाचल** की एक खबर है।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रमंडल अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें. सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ।
  - मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दिल्ली में करेंगे केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात, प्रदेश हित की करेंगे पैरवी।
  - चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत प्रदेश पुलिस ने कल प्रदेश भर में चलाया जांच अभियान, 4 सौ 33 कोरियर सेवा प्रदाताओं की जांच की।
  - अधिकारियों को लेकर दिए गए बयान पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह बोले मैं अधिकारियों का करता हूं मान–सम्मान।